डॉ नटवा बने जैक अध्यक्ष, आज से जारी होगा मैट्रिक-इंटर का प्रवेश पत्र

वरीय संवाददाता, रांची-नामकुम

मैट्रिक और इंटर की परीक्षा तय समय पर 11 फरवरी से होगी

डॉ नटवा ने पदभार किया ग्रहण, कहा : कदाचारमुक्त परीक्षा पहली प्राथमिकता

- किसी भी विद्यार्थी की समस्या का निदान तत्काल किया जायेगा

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया. डॉ नटवा ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही मैट्रिक व इंटर की परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी करने का आदेश दिया. अब मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी से होगी.

डॉ हांसदा ने परीक्षा के आयोजन से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की. पद ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता तय समय पर कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराना है. **बाकी पेज 11 पर**

🔥 झारखंड एकेडमिक काउंसिल (JAC) की महत्वपूर्ण सूचना

- ✅ डॉ. नटवा ने JAC के नए अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया।
- ✅ आज से मैट्रिक और इंटर के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।
- ✅ सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि अपने प्रवेश पत्र समय पर प्राप्त करें।
- ✅ मैट्रिक और इंटर की वार्षिक परीक्षा 11 फरवरी से तय समय पर होगी।
- ✅ किसी भी समस्या के लिए तत्काल निदान उपलब्ध है।

संपर्क करें: संबंधित विद्यालय या JAC कार्यालय।